दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 169 मुरादाबाद 14 October 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## हिमाचल में चुनावी हुंकार भर गए मोदी, पूर्व की दिल्ली सरकारें निशाने पर

ऊना/चंबा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी बेला में ऊना और चंबा से हिमाचल प्रदेश की जनता में जोश भर गए। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात सहित बल्क ड्रग पार्क का शिलान्यास हिमाचल की जनता के लिए बड़े दीवाली गिफ्ट हैं। पीएम मोदी ने ऊना के इंदिरा स्टेडियम में आयोजित रैली से दिल्ली की पूर्व की सरकारों को भी निशाने पर रखा। पीएम ने स्पष्ट तौर पर कहा कि हिमाचल पूर्व सरकारों के कारण ही विकास में अब तक पीछे था।

### मेरी हाईकमान जनता, हिमाचल में बदलेगा रिवाज

पीएम मोदी ने कहा मेरा हाईकमान जनता है। जनता के आशीर्वाद से ही वह यहां पर हैं व जनता के लिए काम कर रहे हैं। हिमाचल में इस बार रिवाज बदलेगा और इतिहास बनेगा।

### भाषण में पूर्व मुख्यमंत्री शांता और धूमल का किया जिक्र

पीएम मोदी ने भाषण के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार और प्रेम कुमार धूमल का जिक्र किया। दोनों नेता चंबा रैली में मंच पर मौजूद नहीं थे। मोदी ने कहा प्रेम कुमार धूमल ने लोगों की बिजली की जरूरत को समझा। पहले बोलते थे, दुर्गम क्षेत्र में पहुंचना संभव नहीं है। शांता कुमार के समय में हिमाचल के अधिकारी के लिए दिल्ली से गुहार लगानी पड़ती थी। बिजली पानी के लिए आंदोलन करने पड़ते थे। तभी चंबा विकास में पिछड़ गया।

### स्थानीय भाषा से अपनत्व का अहसास

पीएम मोदी ने संबोधन का आगाज चिरपरिचित अंदाज में किया और ऊना के गन्ने और गंडीयाली की तारीफ करते हुए हिमाचल में अपनी पुरानी यादों के सफर से शुरुआत की। मोदी ने कहा वह चिंतपूर्णी माता के दरबार में हाजिरी भर चुके हैं। भाषण की शुरुआत ऊना की स्थानीय बोली में हाल चाल पूछते हुए की। चंबा में भी पीएम ने चंबयाली बोली में ही संवाद शुरू किया।

### कनेक्टिविटी के मुद्दे से




### हिमाचल के युवाओं को छूने का प्रयास

पीएम मोदी ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी तो संबोधन की शुरुआत में ही कनेक्टिविटी के मुद्दे को पकड़ा। पीएम ने कहा वह सोचते थे कि जिस दिन कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी, उस दिन उद्योग लगने शुरू हो जाएंगे व प्रदेश के युवा को बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### तीन में से एक बल्क ड्रग फार्मा पार्क मिलना, हिमाचल के प्रति प्रेम

पीएम मोदी ने कहा आज मैं हिमाचल आया हूं तो कनेक्टिविटी, उद्योग और रोजगार लेकर आया हूं। कठिनाइयों से भरे हिमाचल, प्राकृतिक विविधता से भरे हिमाचल में तीन से एक बल्क ड्रग फार्मा पार्क मिलना बड़ी बात है। पीएम ने मंच से इसके साथ ही इसे हिमाचल के प्रति प्रेम बताया।

### भारत की आधुनिक ट्रेन पहाड़ के लोगों को मिली

हिमाचल प्रदेश के लोग ट्रेन के लिए तरस रहे थे, आज ट्रेन ही नहीं भारत की सबसे आधुनिक ट्रेन पहाड़ के लोगों को मिली है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से कनेक्टिविटी के साथ पहाड़ के लोगों के लिए रोजगार के साधन भी उपलब्ध होंगे।

### पूर्व सरकारों ने नहीं समझी पहाड़ की पीड़ा

पीएम मोदी ने पूर्व सरकारों को निशाने पर रखा। उन्होंने पूर्व की सरकारों ने पहाड़ के लोगों की पीड़ा को नहीं समझा। मोदी ने कहा भारत में कुछ सरकारें ऐसी रहीं, जिन्होंने सामान्य लोगों के लिए सब सुविधाओं को मुश्किल बना दिया। हिमाचल की माताओं व बहनों को बहुत करीब से देखा है सड़क के अभाव में अस्पताल जाना मुश्किल होता था, बुजुर्ग अस्पताल नहीं पहुंच पाते थे।

### मोदी ने पूछा, इतने में रुक जाना है या और आगे जाना है

पीएम मोदी ने कहा इतने से रुक जाना है या आगे भी हमें काम करना है। उनका इशारा और विकास की तरफ था। पीएम ने कहा ये काम हम मिलकर करेंगे। हम 20वीं सदी की सुविधाओं को भी पहुंचाएंगे और 21वीं सदी की सुविधाओं पर भी काम करेंगे।

### धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू होने से शक्तिपीठों व अन्य धार्मिक स्थलों के साथ कनेक्टिविटी सुगम होगी। चिंतपूर्णी, नयना देवी, ज्वालाजी देवी, कांगड़ा देवी व आनंद पुर साहिब में आना जाना आसान हो जाएगा।

### पहले राजनीतिक लाभ देखकर दी जाती थी सुविधाएं

पहले हिमाचल की संसद में सीटे कितनी है, इस पर हिमाचल का विकास आंका जाता था। राजनीतिक लाभ देखकर सुविधाएं दी जाती थीं। लेकिन अब यह धारणा पूरी तरह से बदल दी गई है। जनजातीय क्षेत्र और पहाड़ों राज्यों को तवज्जो दी जा रही है।

## लड़कियां बेपर्दा घूमेंगी तो आवारगी बढ़ेगी, सपा सांसद शफीकुर्रहमान का विवादित बयान

अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले उत्तर प्रदेश की संभल लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर्रहमान ने लड़कियों के पर्दा को लेकर फिर विवादित बयान दिया है। उनका कहना है कि लड़कियां अगर बेपर्दा घूमेंगी तो आवारगी बढ़ेगी। उन्होंने कहा, हिजाब हटने से हालात बिगड़ते हैं और आवारगी बढ़ती है। हिजाब पर बैन लगता है तो न सिर्फ इस्लाम को बल्कि समाज को भी नुकसान होगा। हमें उम्मीद है कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट सही फैसला करेगा।%% उन्होंने भाजपा पर माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया। आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के स्कूल-कॉलेजों में हिजाब पहनने पर लगा प्रतिबंध हटाने से इनकार करने वाले कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को बंटा हुआ फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाएं खारिज कर दीं, जबकि न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने उन्हें स्वीकार किया। न्यायमूर्ति गुप्ता ने फैसला सुनाते हुए कहा, %%इस मामले में मतभेद हैं।%% पीठ ने खंडित फैसले के मद्देनजर निर्देश दिया कि हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली इन याचिकाओं को एक बड़ी पीठ के गठन के लिए चीफ जस्टिस के समक्ष रखा जाए।



### बयानों के लेकर सुर्खियों में रहते हैं सपा सांसद

इससे पहले सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर कहा था कि औलाद इंसान नहीं कुदरत पैदा करती है। बर्क ने कहा था, %औलाद पैदा करने का ताल्लुक इंसान से नहीं कुदरत और अल्लाह से है। अल्लाह-ताला जब किसी बच्चे को पैदा करने का इरादा करता है तो उसके साथ ही उसके खाने का इंतजाम भी करता है।%%

### शफीकुर्रहमान ने PFI को बताया था मुसलमानों का मसीहा

शफीकुर्रहमान ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया ( पीएफआई ) को लेकर कहा था कि यह एक ऐसे संस्था है, जिसपर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ( एनआईए ) छापेमारी कर जुल्म ढा रही है। उन्होंने पीएफआई के खिलाफ हुई कार्रवाई का विरोध करते हुए पूछा था कि आखिर उनका जुर्म क्या है? इतना ही नहीं, उन्होंने हाल ही में प्रतिबंधित किए गए इस संगठन को मुसलमानों का मसीहा करार दिया था।

## उत्तराखंड में एनकाउंटर से बढ़ा बवाल, आमने-सामने योगी और धामी की पुलिस

उत्तराखंड के रुद्रपुर में कुंडा थाना क्षेत्र के भरतपुर गांव में ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख की पत्नी की फायरिंग में मौत के बाद मचे हुए बवाल में धामी सरकार की उत्तरखंड और योगी आदित्यनाथ की यूपी पुलिस आमने-सामने आ गई है। बुधवार देर रात मचे बवाल के बाद आज गुरुवार को फॉरेंसिंक की टीम ने भरतपुर गांव पहुंचकर सबूत भी जुटाए। मामले में उत्तराखंड और यूपी पुलिस की ओर से केस दर्ज किया गया है। उत्तराखंड पुलिस के डीआईजी ( कुमाऊं जोन ) एनए भरणे ने कहा कि यूपी पुलिस उत्तराखंड में स्थानीय पुलिस को बिना कोई सूचना दिए दबिश देने आई थी, जिसके बाद बवाल शुरू हुआ। कहा कि कोई भी पुलिसकर्मी वर्दी में भी नहीं थे। यह बहुत गलत है कि पुलिसकर्मियों द्वारा जबरन घर में घुसकर फायरिंग की गई, जिससे एक महिला की मौत हो गई, जिसके बाद हत्या का केस दर्ज किय गया है। कहा कि उत्तराखंड पुलिस जांच कर रही है कि क्या यूपी पुलिस ने इनामी को पकड़ने के लिए दी गई दबिश से पहले स्थानी पुलिस को सूचित किया था की नहीं? महिला की मौत के बाद बचे बवाल में घायल यूपी पुलिसकर्मी बिना उत्तराखंड पुलिस को सूचित किए वापिस यूपी ( मुरादाबाद ) चले गए, जिस पर भी उत्तराखंड पुलिस ने सवाल उठाया है। उत्तराखंड में यूपी पुलिस की किरकिरी होने के बाद डीआईजी मुरादाबाद शलभ माथुर मुरादाबाद पुलिस के बचाव में आए। उनका कहना है कि 50 हजार के इनामी बदमाश के लिए यूपी पुलिस द्वारा दबिश दी गई थी। 'जब हमारी टीम पहुंची तो पुलिस टीम को बंधक बना लिया था और हथियार भी छीन लिए गए थे', डीआईजी। तीन पुलिसकर्मियों को गोली लगी है, जबकि तीन पुलिसकर्मी ग्रामीणों के साथ झड़प में घायल हुए हैं,` जांच कर रही है।

## जलालाबाद विधायक का हुआ स्वागत



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार,शाहजहांपुर- जलालाबाद से विधायक बनने के बाद खुटार प्रथम आगमन पर हरि प्रकाश वर्मा का भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण शुक्ला के पेट्रोल पंप पर जोरदार स्वागत हुआ, जलालाबाद विधायक बनने के बाद पहली वार खुटार आगमन पर विधायक हरि प्रकाश वर्मा जी से भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष रोहित शुक्ला ने की शिष्टाचार भेंट की, इस मोके पर जिला महामंत्री किसान मोर्चा सतवंत सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन मिश्रा , जितेंद्र सिंह, हरेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह बंडा आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## नगर को जल्द मिलेगी बंदरों से निजात



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार,शाहजहांपुर-आदर्श नगर पंचायत खुटार की जनता उत्पाती बंदरों के आतंक से बहुत ही परेशान है लोगों को अब जल्द ही इस समस्या से निजात मिलने की उम्मीद जगी है, नगर पंचायत ने प्रस्ताव रख कर इसे डी0एफ0ओ0 शाहजहाँपुर को सौंपा, विभाग ने मथुरा से मंकी कैचर को बुलबाया है, जो जल्द ही लोगों के सहयोग से बंदरों को पकड़ने की मुहिम चलाएगा,लंबे समय से नगर व आसपास के क्षेत्र में बंदरों ने आतंक मचा रखा है, आए दिन बंदर लोगों पर हमला भी कर चुके हैं व कर रहे हैं, श्री अनुपम शुक्ला ने बताया कि सभी लोगों के सहयोग से जल्द ही इन बंदरों को पकड़ लिया जाएगा, बंदरों को पकड़ने के लिए नगर पंचायत प्रसाशन के माध्यम से इस समस्या का प्रस्ताव भेजकर डी0एफ0ओ0 के आगे समस्या रखी गई थी जिस पर अमल कर विभाग ने सकारात्मक परिणाम दिया है।

## दिव्यांग भरण पोषण अनुदान लाभार्थी मोबाइल नंबर कराएं पंजीकृत

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने जनपद के दिव्यांग भरण पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) तथा कुष्ठावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों को सूचित किया है कि वे जनसेवा केन्द, लोकवाड़ी केन्द (सी0एस0सी0), निजी कम्प्यूटर/ स्मार्ट फोन द्वारा ऑनलाइन sspy-up.gov.in पोर्टल पर अपना मोबाइल नम्बर पंजीकृत करते हुए स्वयं अपने आधार को आनलाइन सत्यापित कराना सुनिश्चित करें। यदि sspy-up.gov.in पोर्टल पर आधार नम्बर सत्यापित करने में कोई समस्या उत्पन्न हो रही है तो किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, श्रावस्ती विकास भवन कमरा नं0-19 में उपस्थित होकर अपना आधार सत्यापित करा सकते हैं। यदि दिव्यांगजनों द्वारा आधार आथेन्टीकेशन नही कराया जाता है तो उनकी पेशन शासन द्वारा रोक दी जाएगी।

WWW.KNLSLIVE.COM

## कार्य में लापरवाही बरतने पर 01 सफाई कर्मचारी निलम्बित, 14 सफाई कर्मियों का रोका गया वेतन

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश ने बताया है कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं बाढ़ की विभीषिका के दृष्टिगत सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी टीम बनाकर लगायी गयी है। जिसके सामने कर्मचारियों को अपने क्षेत्र में उपस्थित रहकर फॉगिंग, ब्लीचिंग एवं साफ-सफाई करने के निर्देश दिये गये है। साफ-सफाई एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की मॉनिटरिंग जनपद के वाररूम से निरन्तर की जा रही है। ज्ञातब्य हो कि 12 अक्टूबर, 2022 को मॉनिटरिंग के समय 15 कर्मचारी बिना किसी सूचना के टीम में अनुपस्थित पाये गये। कार्यों में घोर लापरवाही बरतने पर कृपाराम सफाई कर्मचारी विकास खण्ड-इकौना को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है और अवशेष 14 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए वेतन बाधित किया गया है। उन्होने बताया है कि भविष्य में मानिटरिंग के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर इस लापरवाही के लिए सम्बन्धित सफाई कर्मी/कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी

## सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेटों के निगरानी में होगी पीईटी परीक्षा जिलाधिकारी




लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में आगामी 15 व 16 अक्टूबर को आयोजित होने वाली प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) की तैयारियों को लेकर तहसील इकौना सभागार में बुधवार को परीक्षा में लगाये गए सेक्टर/स्टैटिक/केन्द व्यवस्थापकों के साथ बैठक संपन्न हुई,जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए,कहा कि पीईटी परीक्षा को नकल विहीन एवं व्यवस्था पूर्ण ढंग से आयोग के मंशानुसार सम्पन्न कराया जाय,जनपद में कुल 13056 परीक्षार्थी पीईटी परीक्षा देंगे।जिसके लिए कुल 06 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं,08 स्टेटिक मजिस्ट्रेट व 04 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। 15 एवं 16 अक्टूबर, 2022 को चार पालियों में परीक्षा संपन्न होगी।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह,अपर जिलाधिकारी कुँवर पंकज,जिला प्रबन्धक परीक्षा संचालन कार्यदायी संस्था-बी डा0 ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह,सभी परीक्षा केंद्रों के प्रधानाचार्य व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मिसेज यूपी का ताज नेहा सिंह के नाम,आरूष चावला बने ब्रैंड एंबेसडर प्रयागराज





तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-वाराणसी के दो होनहारों ने बड़ाया काशी का मान,दरअसल गर्व फाउंडेशन एवम मल्लिका ए अवध श्वेता तिवारी द्वारा 9 अक्टूबर 2022 को वाराणसी में सेलिब्रिटी अवार्ड नाइट एवम प्लास्टिक फ्री इंडिया सोशल अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश अजीत कुमार तिवारी एवम एवम प्रधान पुजारी बाबा विश्वनाथ मंदिर श्री कांत मिश्रा जी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।चेयरमैन अनुपम तिवारी एवम एक्ट्रेस अदिति शर्मा जी द्वारा समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले महिला एवम पुरुषो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन गर्व तिवारी द्वारा किया गया एवम लोगो से प्लास्टिक इस्तेमाल न करने का अपील किया गया।गर्व फाउंडेशन द्वारा द्वारा मिसेज यू पी 2022 हेतु प्रतियोगिता कराई गई जिसके अंतर्गत वाराणसी की रहने वाली नेहा सिंह ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर मिसेस यूपी का ताज अपने नाम कर लिया । ।आरूष चावला के नाम ब्रैंड एंबेसडर प्रयागराज का खिताब चेयरमैन अनुपम तिवारी एवम एक्ट्रेस अदिति शर्मा जी द्वारा समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले महिला एवम पुरुषो को सम्मानित किया गया। मल्लिका ए अवध श्वेता तिवारी द्वारा ब्रैंड एंबेसडर 2022 हेतु प्रतियोगिता कराई गई जिसके अंतर्गत भरवारी कौशांबी जिला के रहने वाले आरुष चावला को प्रयागराज ब्रांड एंबेसडर चुना गया

## पीड़ित प्राथना पत्र लेकर थाने पर पहुँचा ,तो थानेदार ने पीड़ित को थाने से भगाया

**पुलिस की मिली भगत से पीड़ित की जमीन को भूमाफिया कर रहे है कब्जा**



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

इंटियाथोक- गोण्डा-कास खण्ड इंटियाथोक अंतर्गत ग्राम सोमरही मे भूमाफियो द्वारा पीड़ित की जमीन दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर रहे है,पीड़ित राम तेज तिवारी निवासी ग्राम सोमरही भरतगंज चौराहा ने बताया कि हमारा जमीन है चौराहे पर उक्त जमीन को मुकेश पुत्र परसुराम,रमेश कुमार पुत्र भवानी प्रसाद आदि द्वारा जमीन को अवैध रूप से कब्जा कर रहे है।पीड़ित जब थाना धानेपुर पहुँचा तथा थानाध्यक्ष संजय गुप्ता को आप बीती सुनाई तो थाना अध्यक्ष पीड़ित राम तेज को डांटकर थाने से भगा दिया ,

पीड़ित की सुनवाई थाने पर नही हो रही है ,ग्रामीणों ने बताया के पीड़ित की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है । उधर थाना अध्यक्ष धानेपुर संजय गुप्ता ने बताया कि अवैध कब्जेदारी रोकना पुलिस का कार्य नही है,न्यायालय जाकर स्टे करवा लो।

# सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में प्रतिदिन नियमित जनसुनवाई कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें-डीएम

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कलेक्टेªट सभागार में आहूत बैठक में मुख्यमंत्री जी विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों के अर्न्तगत विद्युत, लोक निर्माण विभाग, सामुदायिक शौचालय, हैण्डपम्प रिबोर, आपरेशन कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, पेयजल मिशन, पेंशन, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, कन्या सुमंगला योजना, सामाजिक वनीकरण, कौशल विकास, शादी अनुदान, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, आदि की समीक्षा करते हुये लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि सभी विभाग एक ही जगह से वेतन प्राप्त कर रहें है अतः अधिकारी अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निवर्हन करते हुए शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाकर पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। आपसी समन्वय में कोई परेशानी है तो मुख्य विकास अधिकारी अथवा मुझे बताये। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं में जनपद टॉपटेन में रहें इससे कम पर न रहें, अधिकारी इसको सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्या का हल निकालने हेतु सभी सदैव प्रयासरत रहें, प्रयासरत रहने से बडी से बडी समस्या का भी निदान हो जाता है। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस में लगातार कहने से बावजूद भी 564 शिकायतें डिफाल्टर होने तथा प्रदेश में जनपद की 59वीं रैंक होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने के बाद शिकायतकर्ता से अवश्य वार्ता करें तथा शिकायतकर्ता का पक्ष सुनकर उसे संतुष्ट करने का भी प्रयास किया जाये। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए निवेश मित्र एवं झटपट पोर्टल को नियमित रुप से मेन्टेन करने के निर्देश दिए। मनरेगा में कुल सृजित मानव दिवस के सापेक्ष महिलाओं एवं अनुसूचित जाति द्वारा सृजित मानव दिवस का प्रतिशत कम होने पर जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक को बढ़ाने के निर्देश दिए। पेंशन योजनाओं के अर्न्तगत जिलाधिकारी ने कहा कि जो प्रगति हुई है उसे प्रपत्रों में एड करा दिया जाये और पोर्टल पर भी फीड कर दिया जाये। उन्होंने कहा कि सभी पेंशन योजनाओं में लाभार्थी से बात किए बिना आधार न चढाया जाये तथा पेंशन हेतु कंट्रोल रुम बनाये, ताकि पात्र लाभार्थी वंचित न रहें। उन्होंन कहा कि दिव्यांग अथवा विधवा पेंशन का आवेदन किसी भी स्तर पर लम्बित न रहें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं मनरेगा की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि किए गये कर्यो का एक अच्छा प्रजेन्टेशन बनाया जाये। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता आरईएस को दिन निर्धारित करने के निर्देश दिए कि जनपद मुरादाबाद में किस दिन बैठेंगे। नई सड़कों का निर्माण चैडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की प्रगति 89 प्रतिशत होने पर जिलाधिकारी ने कहा कि मौसम ठीक हो गया है कार्य प्रगति बढाना सुनिश्चित करें। जनपद में 921 आवेदन कन्या सुमंगला योजना के पेन्डिंग होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकरियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर आवेदन लम्बित न रहें। योजना का लाभ सही ढंग से पात्रों तक पहुंचायें। उन्होंने आवेदन की संख्या को बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, इस पर उन्होंने आईसीडीएस व मेडिकल विभाग के साथ आपसी सहयोग के भी निर्देश दिए। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि पात्रों को लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कौशल विकास मिशन के अर्न्तगत जनपद की रैंक पीछे होने पर बढ़ाने के निर्देश दिये तथा सेवायोजित की संख्या में भी वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोशिश करें कि उस बच्चे का अवश्य रजिस्टेªशन हो जिसकों रोजगार की आवश्यकता हों तथा यह सुनिश्चित करें कि बच्चों की उपस्थिति सही रहें। उन्होंने स्वरोजगार योजना के अर्न्तगत संबंधित अधिकारी को ओ0डी0ओ0पी0 पर विशेष ध्यान देने व लक्ष्य पूर्ण करने पर भी ध्यान देने के निर्देश दिये। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस में पेन्डेंसी कम करने व संबंधित अधिकारी से जिला वार रैंक कम होने के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारी से पंजीकृत लेवर को आयुष्मान कार्ड मिल रहा है कि नही के बारे में जानकारी ली व सीएमओ के साथ सहयोग करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पीएम रोजगार सृजन योजना के अर्न्तगत आवेदनों को बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, परियोजना निदेशक सतीश कुमार मिश्रा, जिला अर्थसंख्याधिकारी मो0 परवेज सहित जला विकास अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, महाप्रबन्धक जिला उद्योग, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, सहित लोक निर्माण, पंचायतीराज, शिक्षा, समाज कल्याण, प्रोबेशन, अल्पसंख्यक, वन, पिछडा वर्ग कल्याण, कौशल विकास, खादीग्रामोद्योग विभागों के अधिकारी अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्यदायीं संस्थाओं के प्रबन्धकगण उपस्थित रहें।

# Mulayam Singh Yadav को भारत रत्न देने की उठी आवाज, सपा विधायक इकबाल महमूद बोले- पीएम मोदी करें विचार



मुरादाबाद-संभल- पूर्व कैबिनेट मंत्री और संभल से सपा विधायक नवाब इकबाल महमूद ने स्व. मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए आवाज उठाई है। गुरुवार को संभल के मिया सराय स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने इस बात को कहा।

## मुलायम ने सभी को जोड़ने का काम किया

सपा विधायक ने पत्रकारों से कहा कि मुलायम सिंह यादव देश के नेता थे। हर दल के नेता उनका सम्मान करते थे और करते हैं। उन्होंने सबको जोड़ने का काम किया। ऐसी शख्सियत को भारत रत्न मिलना चाहिए। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग करता हूं कि वह इस पर विचार करें और नेताजी को भारत रत्न मिले।

## शिवपाल और मुलायम के रिश्ते के बारे में बताया

विधायक ने कहा कि देश के अंदर बदलाव की सोच चल रही है। आगे देखिए परिवर्तन जरूर आएगा। एक नया विकल्प भी दिखेगा। शिवपाल को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि शिवपाल जी व नेता जी राजनीति में साथ साथ चले हैं। खुद मुझसे नेताजी कहते थे कि शिवपाल साइकिल चलाता था और मैं पीछे पीछे चलता था।

## शिवपाल को मिलकर काम करना चाहिए

मेरी अपनी राय है कि शिवपाल को मिलकर काम करना चाहिए। यह वक्त की आवाज है। सबको मिलकर चलना पड़ेगा। अब सबको एक होना चाहिए। पार्टी मजबूत हो यही सबका उद्देश्य होना चाहिए। यदि प्रसपा व सपा मिल जाए तो राजनीतिक रूप से और मजबूती मिलेगी। मुझे प्रधानमंत्री से उम्मीद है कि वह मुलायम सिंह के लिए भारतरत्न की घोषणा करेंगे।

## मुलायम सिंह के निधन से पूरा देश शोक में

उन्होंने कहा कि नेताजी के निधन से पूरा देश शोकाकुल है। सभी दर्द में हैं। मुझ जैसा व्यक्ति जो 1995 में उनसे जुड़ा।

वह चले गए, हमारा अभिभावक दूर चला गया। वह सबको नाम से जानते थे। यही कारण है कि सैफई में पांच लाख लोग थे। जिनके लिए पूरा देश रोया वैसे व्यक्ति को भारत रत्न मिलना चाहिए। सभी नेताओं से यह कहना चाहूंगा कि नेताजी के लिए भारत रत्न के लिए प्रयास करें और सभी देश के लिए एकजुट हों।

# हापुड़ के व्यापारी से लूट में एक और बदमाश का हुलिया मिला

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/अलीगढ-अकराबाद क्षेत्र के शेखाझील के पास हापुड़ के व्यापारी से लूट के मामले में पुलिस को एक और बदमाश का हुलिया सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मिला है आरोपितों की तलाश में पुलिस अलीगढ़ के अलावा हापुड़ व कासगंज में दबिश दे रही है इंटरनेट मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है हापुड़ के रेलवे रोड स्थित श्रीनगर, गीता मार्ग निवासी व्यापारी पुनीत जिंदल बीते शुक्रवार को अपने ताऊ के बेटे राजू सिंघल के साथ अपनी ओरा कार से बंधेल चूड़ी ( गोल्ड प्लेटेड ) बेचने के लिए आए थे लौटते वक्त शेखा झील के पास बाइक सवार बदमाशों ने तमंचा निकालकर गोली मारने की धमकी देते हुए शीशा तोड़ा इसके बाद डिग्गी खुलवाकर दो बैग लूटकर ले गए, जिसमें चूड़ियां व 6 हजार रुपए रखे थे लूट के सामान की कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई गई है पुलिस ने बदमाशों की तलाश में कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें चारों बदमाश ट्रेस हो गए हैं एसएसपी ने इनका पता बताने वाले को 50 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है एसपी देहात मुकेश कुमार उत्तम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में टीमें लगी है

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# The pillar of socialism collapsed

The disciple of the great socialist thinker Dr. Ram Manohar Lohia, the son of the land, the red of the soil, the forerunner of the backward and the downtrodden, the advocate of farmer-laborers and 'Netaji' Mulayam Singh Yadav from across the country is no more among us, so it seems as if socialism is only with us. It became silent, sank into everlasting sleep, the last, solid pillar of socialism collapsed. Mulayam was really the definition of socialism. Where is socialism left today? Where is the politics, public policy and public service related to the common man, suffering for the common man, related to the concerns of the common man? Although the remnants of socialism keep shouting 'social justice', but behind the masks they are the real face of some capitalist, feudalist and scammer, so today Mulayam Singh is remembered more as socialism. He was born in a poor farmer family. After studying somehow, he became a teacher in the college. He was called the 'Lal Bahadur Shastri' of his time, because he too had to go through difficulties and go to school and college. However, his account is extensive. Dr. Lohia had assessed his talent in the arena itself. He was initiated into socialist politics, which he kept chanting throughout his life. Mulayam Singh was elected MLA for the first time in 1967. After that, he was an MLA for 10 times, elected as an MP for 7 times, achieved the distinction of becoming the Defense Minister in the Government of India and became the Chief Minister of the largest state, Uttar Pradesh, thrice. He was also a Lok Sabha MP at the time of his death. How can a person who played such a long political and social innings die? Every time on the death of any person, we ask the same question that how is his end possible? How can his era come to an end? Of course, according to the laws of nature, destiny, Mulayam Singh has also had a terrestrial disintegration, he too has merged with the Panchatattva, but he will always remain relevant, because he was a 'people's leader' in the true sense. During the period 1996-98, when he was the Defense Minister of the country, he had the opportunity to participate in informal dialogues with him. Mulayam was not the only political face who fired bullets at Hindu kar sevaks in Ayodhya or was totally against the values ??of the Sangh-BJP or he became a 'Muslimist' after the Ayodhya dispute. Mulayam's real personality was very different from his. They also had to make compromises. The compulsions of coalition politics were also in front of him. He also made many mistakes, but he seemed to constantly introspect during informal gossip. He may have regretted some references and deeds, but Mulayam Singh's basic political personality was that he was a 'friend' of even the average party worker. He also used to attend their family marriages, celebrations, and used to stand together in mourning. Helping one and a half lakh rupees in the marriage of the worker's daughter was part of his moral behavior. dhary Charan Singh, VP Singh and Chandrashekhar, Mulayam's when the Left parties withdrew support to the UPA government after signing a nuclear deal with America. The 39 MPs of the Samajwadi Party had saved the government of Dr. Manmohan Singh, that period was also historic.


# Katrina Kaif is unable to spend time with Vicky Kaushal after marriage, reveals her heart condition

This time is Katrina Kaif's first Karva Chauth. The special thing about Katrina is that she celebrates every Indian festival and this time she will keep a fast of Karva Chauth for Vicky. Now Katrina recently talked about the change of life after marriage and Vicky. Actually, these days Katrina is promoting her film Bhon Bhoot, whose trailer has been released recently and during this time Katrina was asked what has changed in her life after marriage. On this, Katrina shared her experience. Experience told after marriage- Katrina while talking to Pinkvilla said, 'Marriage brings a big change in everyone's life. You are sharing your life with someone and living with them. It's a very beautiful journey, very wonderful. Yes, but both of us stay out for the shoot. She further says, 'This happens in every actor's life. We had to travel a lot. You get less time to spend with each other. But he is such a wonderful person and it is best to have a human like him in my life. Professional Life - Talking about Katrina's film Phone Bhoot, it is a horror comedy film. It stars Siddhant Chaturvedi and Ishaan Khatter in lead roles along with Katrina. After this, she will be seen in Merry Christmas and Tiger 3. She will be seen opposite Vijay Sethupathi in Merry Christmas and will return with Salman Khan in Tiger 3. Talking about Vicky, he will be seen in Govinda Mera Naam, Sam Bahadur and Laxman Uttekar's untitled film. Govinda will be seen in Mera Naam alongside Vicky, Kiara Advani and Bhumi Pednekar. At the same time, he will be seen in Laxman Utekar's film with Sara Ali Khan. Although the name of this film has not been finalized yet.



# Actress Niharika Choksi says that till now no girl from my family has entered the glamor world.

15 oct. It is World Students Day. Are you still studying in the midst of your tough schedule? Yes, because the option of acting was given to me by my father only when I complete my studies. He says that it is necessary to be educated first. I am studying 12th with arts. Have to give board exam this year. The production house is helping me in this. They keep the shooting schedule according to my studies during the exams. What kind of student have you been? How important is it to keep learning as a student in life? - I have been a middle bencher. Neither very good nor very bad, but you have to get marks in the examination. I have also received student of the year award. I will remain a student during my studies and even after my studies. From this you always keep learning in life. When such thoughts start coming that I know everything and I will teach everyone, then you stop learning and stay where you are. Keep your heart and mind open to take knowledge from everyone, big and small. Faltu's character is from a small village in Rajasthan. What kind of preparations did you have to make to understand his ideology? I am from the small town of Burhanpur in Madhya Pradesh. I shifted to Mumbai only a few years back. I could easily connect with this character of extravagance. Initially there were problems in Mumbai. Then you get used to living where you work. People in Burhanpur are very happy when my new show comes. Papa gets the posters of my show installed. Till now no girl from my family has reached Mumbai to work in this field. Seeing me, they also get excited that Niharika has done it, we can also do it. The rest of my parents take turns accompanying me on shoots so that I can be supported and I don't feel alone. Why did you choose a simple looking girl over a glamorous role? Don't feel like looking glamorous on screen?



# मीडिया कर्मियों ने दी मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-एटाद्यसमाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव का निधन होने पर जनपद एटा की मीडिया कर्मियों ने भी उन्हें शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दीद्यपत्रकार एकता वेलफेयर एसोसिएशन के बैलून गंज सब्जी मंडी स्थित कार्यालय में आयोजित की गई शोकसभा में व्यापार मंडल और मीडिया कर्मियों ने भी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित कीद्य संगठन के अध्यक्ष राजाराम यादव ने इस मौके पर बताया कि समाजवादी पार्टी के मुखिया मुलायम सिंह यादव ने सन 2004 में मुख्यमंत्री बनने के बाद जनपद स्तर के मान्यता प्राप्त संवाददाताओं को एसी बसों में निशुल्क यात्रा प्रदान करने की सुविधा दी थी द्यइसके अलावा प्रदेश के मेडिकल कॉलेज और अन्य बड़े अस्पतालों में मुलायम सिंह यादव ने पत्रकारों का निशुल्क इलाज करने तथा गरीब मजदूरों के लिए ?1 के पंजीकरण की सुविधा की थी एवं जिलों में प्रेस क्लब बनाए जाने के निर्देश भी दिए थे उनका कहना था कि मुलायम सिंह हमेशा मीडिया की आजादी के पक्षधर थेद्य शोक सभा के दौरान राष्ट्रीय सचिव श्री जसवंत सिंह जिला अध्यक्ष सुमंत कुमार जिला सचिव सुधीर यादव सुनील सिंह नितेश यादव विजय मौर्य देवेंद्र यादव अजय अमित यादव आदि मीडिया कर्मियों के अलावा व्यापार मंडल से जुड़े दीपक कुमार नीरज कुमार साबिर अली आदि व्यापारी मौजूद रहे

# नेताजी को सर्वोच्च पुरस्कार भारत रत्न से नवाजे भारत सरकार - राजू आर्या

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटा- हिंदूवादी एवं भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्या ने धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव के लिए भारत-रत्न की मांग की है, राजू आर्या ने कहा भारत सरकार नेताजी को भारतरत्न देकर सम्मानित करें। राजू आर्या ने कहा कि नेताजी के निधन होने से भारतीय राजनीति ने एक बहुत बड़ा नेता को खो दिया है, उनके निधन से पूरा देश दुखी है और उनके समर्थकों की मांग है कि नेताजी को भारतरत्न देकर सम्मानित करे सरकार, नेताजी के रक्षामंत्री रहते हुए ही सीमा पर तैनात सैनिकों के शहीद होने पर उनके शव को घर तक पहुंचने का निर्णय लिया गया, आज भी नेताजी के इस निर्णय की उनके विरोधी भी सराहना करने से नहीं थकते। धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव ने दलित-पिछड़ों के उत्थान के लिए अपना पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया अपने जीवन के अंतिम समय तक वह दलित-पिछड़ों गरीबों एवं किसानों के हक अधिकारों के लिए कार्य करते रहे, और जब भी सत्ता में आए तो समाज के ऐसे वर्गो को प्रथम श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया जो बहुत ही पिछड़े हुए थे यही वजह थी उनको लोग नेताजी कहकर पुकारते थे। गांव से निकल देश की सर्वोच्च राजनीति में धाक जमाने वाले नेताजी की लोकप्रियता किसी भी बड़े से बड़े नेताओं से कम नहीं रही इसलिए मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि नेताजी को सर्वोच्च पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।


# धौराई के निकट रजबाह कटने से गांव के रास्ते हुये जलमग्न खेतों में भी भरा पानी

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-अकराबाद-अभी क्षेत्र के किसान बीते दिनों हुई बारिश से उबर नहीं पाये थे कि मंगलवार की शाम गांव के पास से बह रहे रजबाह की पटरी कटजाने से जहां एक बार फिर किसानों की सैकड़ों बीघा खेती जलमग्न हो गई तो वहीं पानी गांव जाने वाले मुख्य रास्ते पर इस कदर भर गया है। ग्रामीणों को गांव आने जाने में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बारिश से किसान पहले से ही परेशान चल रहा था। लेकिन रजबाह कट जाने से किसानों की हज़ारों बीघा फसल में पानी भर गया। घरों से लेकर सड़क तक पानी भर गया है। जिसके चलते ग्रामीण जीवन अस्तव्स्त हो गया है। गांव के लोगों सत्यपाल, पप्पू, रामबाबू, सत्यप्रकाश, सूरजपाल, पूरन सिंह प्रेमपाल, नन्नूमल, राजेन्द्र, सोमेंद्र, राकेश, हजारी लाल, लालसिंह, महराजसिंह, सुम्मेरसिंह, गजाधर, जयकिशोर, सुरेंद्रपाल, देवराज, जयसिंह, भूपेंद्र, रामगोपाल, हुकम सिंह व रामपाल सिंह ने रजबाह की जल्दी सफाई कराकर पानी के निकासी के प्रबंध करने की जिला प्रशासन से गुहार लगाई है।

# शार्ट सर्किट के चलते जिरौलीहीरासिंह में घरेलू सामान जलकर राख



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद - देरशाम गांव जिरौलीहीरासिंह निवासी तिलक सिंह पुत्र गोपाली के घर के अंदर कमरे में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। जिससे कमरे में रखा हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय घर का बाहर से ताला लगा हुआ था। परिवार के सभी लोग एक मरीज के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकराबाद में गये थे। आग लगने से घर में रखा उसका हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

# अलीगंज के तत्कालीन इंस्पेक्टर पर दर्ज हुआ मुकदमा

निशाकांत शर्मा - दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अलीगंज के तत्कालीन इंस्पेक्टर पर दर्ज हुआ मुकदमा सीजेएम के आदेश पर तत्कालीन इंस्पेक्टर सतीश कुमार यादव पर दर्ज हुआ मुकदमा सीजेएम कोर्ट ने थानाध्यक्ष अलीगंज को दिया था आदेश पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर सीजेएम ने दिया था आदेश सपा सरकार में इंस्पेक्टर ने अलीगंज तैनाती के दौरान पीड़ित को कई मुकदमों में फंसाया था फर्जी डीजीपी के आदेश पर हुई जांच में इंस्पेक्टर के फर्जीवाड़े का हुआ था खुलासा उच्च स्तरीय जांच में पीड़ित पाया गया था निर्दोष राजनैतिक दवाब में पीड़ित को फर्जी ढंग से फंसाने की हुई थी पुष्टि तत्कालीन सीओ सकीट की जांच में इंस्पेक्टर को पाया गया था दोषी जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी जिम्मेदार अफसरों ने दोषी इंस्पेक्टर के खिलाफ नहीं दर्ज कराई थी एफआईआर पीड़ित के शिकायती प्रार्थना पत्रों पर भी अफसरों ने नही दर्ज कराई थी एफआईआर दोषी को एफआईआर से बचाते रहे अफसर थानाक्षेत्र राजा का रामपुर के ग्राम जहाननगर निवासी पीड़ित अवधेश कुमार ऋमंतोष ने एफआईआर दर्ज कराने को हाईकोर्ट में दाखिल की थी याचिका हाईकोर्ट के आदेश पर पीड़ित ने सीजेएम कोर्ट में याचिका दाखिल कर लगाई थी न्याय की गुहार सीजेएम कोर्ट में अधिवक्ता सुमित कुमार सिंह ने रखा था पीड़ित का पक्ष

# कार में खींचकर युवती से छेड़छाड़ भाई को पीटा

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद-क्वारसी थाना क्षेत्र के एक गांव में कार में खींचकर युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है युवती ने जैसे-तैसे जान बचाई इसके बाद आरोपित ने युवती के भाई के साथ भी मारपीट कर दी पुलिस ने मामले में 2 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि घटना वह कंडे लेने के लिए गांव के बाहर गई थी आरोप है कि वहां गांव का ही रहने वाला सुमित आ गया और युवती को कार में खींच कर ले जाने लगा और छेड़छाड़ की युवती ने शोर मचाया तो उसकी बड़ी बहन आ गई इस पर आरोपित गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देकर भाग गया युवती ने पूरी बात अपने स्वजन को बताई इस पर युवती का भाई जब शिकायत करने के लिए आरोपित के घर जा रहा था,तो उसे भी समिति ने अपने साथी कान्हा के साथ मिलकर रास्ते में पीट डाला इंस्पेक्टर संजय कुमार जयसवाल ने बताया कि सुमित व कान्हा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है जांच की जा रही है

# अर्ध सैनिक बल के जवान की जमीन पर कब्जा

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एसएसबी में नौकरी कर रहे जवान की जमीन पर फर्जी पट्टा करके कब्जा कर दिया है। तमाम शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही³एसएसबी में नौकरी कर रहे जवान की जमीन पर फर्जी पट्टा करके कब्जा कर दिया है। तमाम शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। तहसील सदर क्षेत्र के गांव नरहरा निवासी सनोज कुमार सशस्त्र सीमा बल में सैनिक है। इस समय उसकी छत्तीसगढ़ में तैनाती है। सनोज ने बताया कि उसकी गांव में करीब 15 बीघा जमीन थी। उसके पिता को वर्ष 1975 में पट्टा मिला था। कुछ समय पहले पिता का निधन हो गया। जमीन की फौती कराने के बाद उसके बारिसानों के नाम पर आ गई। आरोप है कि कुछ लोगों ने एक इसी जमीन का एक पट्टा करा लिया। प्रशासन को गुमराह कर इस जमीन को अपना बताने लगे। तहसील प्रशासन की ओर से पैमाइश कराकर इस जमीन पर दूसरे पक्ष के लोगों को कब्जा करा दिया गया। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई। मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी सचिव ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी पिछले आठ महीनों से अर्ध सैनिक बल में तैनात जवान चक्कर लगा रहा है नरहरा में जमीन पर कब्जा करने के संबंधी मामले हमारे संज्ञान में नहीं है अगर कोई प्रार्थना पत्र आएगा तो जांच कराकर कार्रवाई की जाए

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# आँगनबाड़ी कार्यकर्ता विनिता गुर्जर के अथक प्रयास से फुलमति एवं पवन हुए सुपोषित

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान माननीय मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का मुख्य उद्देश्य 06 माह से 03 वर्ष के बच्चों एवं 15 से 49 वर्ष की एनीमिक महिलाओं को लाभान्वित करना है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान 02 अक्टूबर 2019 से प्रारंभ किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य 06 वर्ष तक के बच्चों को कुपोषण से मुक्त करना है। कुपोषण एवं एनीमिया को दूर करने के लिये शासन द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं में कमी की पहचान कर उसे दूर करना भी योजना का मुख्य उद्देश्य है अतः 06 माह से 03 वर्ष तक के कुपोषित बच्चों को भी अतिरिक्त पोषण आहार गरम भोजन पौष्टिक खिचड़ी के रूप में दिया जाना उचित होगा। आँगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज 06 माह से 03 वर्ष के कुपोषित बच्चों को बढ़ती उम्र में गर्म भोजन की ज्यादा आवश्यकता है, जो उन्हें विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से नहीं मिल पा रहा है। आँगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज 06 माह से 03 वर्ष के कुपोषित बच्चों को गर्म भोजन, पौष्टिक खिचड़ी उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सकता है। उपरोक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु 06 माह से 03 वर्ष के बच्चों हेतु गर्म भोजन



एवं 15 से 49 वर्ष की एनीमिक महिलाओं हेतु गर्म भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभिया से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों में से फुलमति एक बालिका है जो मिनी आँगनबाड़ी केन्द्र छोटे गेरुवाडांड़ में दर्ज है। इस बच्ची का वजन 12.2 कि.ग्रा. है जो मध्यम श्रेणी मे थी, आँगनबाडी कार्यकर्ता विनिता गुर्जर द्वारा फुलमति को निरंतर मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की योजनाओं से लाभान्वित कराया गया एवं ऑ.बा. कार्यकर्ता विनिता गुर्जर द्वारा गृह भेंट कर निरंतर बच्ची के माता-पिता को स्वच्छता के संबंध में जागरुक कर प्रात्साहित किया गया जिससे माता-पिता द्वारा बच्ची के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया वर्तमान में फुलमति का वजन 13.4 कि.ग्रा. है और वह सामान्य श्रेणी में आ गई है। इसी प्रकार उक्त केन्द का बालक पवन कुमार जिसका वजन 89 कि.ग्रा. है एवं बच्चे की तबियत भी खराब रहता था, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता विनिता गुर्जर द्वारा पवन को निरंतर मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की योजनाओं से लाभान्वित कराया गया एवं औ0.बा. कार्यकर्ता विनिता गुर्जर द्वाराएवं हेल्थ फाईडे के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ कराया गया। बच्चे की निरंतर निगरानी की जाने लगी एवं ऑ.बा. कार्यकर्ता विनिता गुर्जर द्वारा गृह भेंट कर निरंतर बच्चे के माता-पिता को स्वच्छता के संबंध में जागरुक कर प्रात्साहित किया गया जिससे माता-पिता द्वारा बच्चे के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया वर्तमान में बच्चे का वजन 9.9 कि.ग्रा. हो गया है एवं बच्चे के माता-पिता के व्यवहार में भी व्यापक परिवर्तन देखा गया। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ उनके माता-पिता के व्यवहार में भी परिवर्तन देखा गया जो योजना का मुख्य उद्देश्य है। हितग्राहियों द्वारा ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता विनिता गुर्जर के अथक प्रयासों की सराहना करते हुये शासन द्वारा संचालित योजना के लिये माननीय मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सूरजपुर पुलिस अलर्ट, पैदल गश्त कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, लोगों को कराया सुरक्षा का एहसास



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जिले के पुलिस अधिकारियों को विजिबल पुलिसिंग एवं शाम-रात्रि के वक्त थाना-चौकी क्षेत्र में पैदल गश्त करने साथ ही आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के निर्देश दिए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार, 12 अक्टूबर को थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर दलबल के साथ नगर में पैदल गश्त करते हुए सुरक्षा प्रबंध का जायजा लिया इस दौरान नगर के प्रमुख स्थानों पर सशस्त्र पुलिस बल को भी देखा गया। पुलिस की इस पहल से लोगों में सुरक्षा का भाव जागृत हुआ है। पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें कहा कि पुलिस उनके साथ है, परेशानी होने पर सूचना दें, समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस पैदल गश्त के दौरान नगर के सर्राफा दुकानों सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर पहुंची और सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरा को चेक किया। थाना प्रभारी ने इन प्रतिष्ठानों के संचालकों को सुरक्षा की दृष्टिकोण से दुकान के अंदर एवं बाहर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीव्ही कैमरा लगवाने एवं कार्यरत् कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए साथ ही पुलिस कन्ट्रोल रूम एवं अपना मोबाईल नंबर नोट कराया। त्यौहार के दौरान अत्यधिक संख्या में लोग खरीदी करने आते है जिस कारण नगर में काफी भीड़-भाड़ होती है इस दौरान सड़कों पर जाम की स्थिति निर्मित न हो, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए दुकानदारों को सामान बाहर न निकालने की हिदायत दी।

पैदल गश्त से जहां असामाजिक तत्वों में भय होगा, वहीं नागरिक पुलिस की गश्त से सुरक्षा का एहसास कर रहे हैं। गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी करते नजर आई। इस दौरान थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एसआई संतोष सिंह, एएसआई हीरालाल साहू सहित थाना सूरजपुर के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामील रहे।

# चांदनी बिहारपुर में 16 जंगली हाथियों के दल ने फसल रौंदी, क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ी

## सूरजपुर जिले में गजराज के खौफ से अब किसान भी परेशान


रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहार पुर वन परिक्षेत्र एवं गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान रेहण्ड पार्क क्षेत्र मोहरसोप में इन दिनों 16 हाथियों का दल घूम रहा है। ये दल घूम-घूमकर फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। कछिया नवडीहा मोहरसोप बसनरा के किसानों के अनुसार जंगल में दिन गुजारने के बाद शाम होते ही हाथी आसपास के आबादी क्षेत्र से लगे खेतों में उतर आते हैं। यहां पर पूरी रात धान व मक्के कोदों कुटकी अरहर की फसल को खाते हैं और पैरों से रौंद देते हैं। इन हाथियों के कारण शाम होते ही ग्रामीणों को भी सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ती है।

### धान कोदो कुटकी अरहर व मक्के की फसल को खराब कर रहे गजराज

जानकारी के अनुसार बिहार पुर वन





परिक्षेत्र में पिछले 5 दिनों से कई हेक्टेयर फसल को चौपट कर चुका है। कछिया नवडीहा मोहरसोप बसनरा गांव में 5 दिन में 12 किसानों की मक्का और धान की फसल को नष्ट कर दिया। रोज सुबह कछीया नवडीहा मोहरसोप बसनरा पंचायत समेत कई गांवों में घूमते नजर आते हैं। वन विभाग बिहार पुर की टीम ने लगातार जंगली हाथियों की निगरानी में लगी हुई है। तोमर पिघला अभ्यारण खोड की ओर से 16 हाथियों का दल 8 अक्टूबर 2022 को खोड केसर के रास्ते होते हुए कछिया नवडीहा मोहरसोप बसनरा के जंगल में स्वछ विचरण

### किसानों ने जंगल जाना छोड़ा

बिहार पुर वन परिक्षेत्र अधिकारी मेवालाल पटेल और डिप्टी रेंजर श्रीराम गुर्जर ने कल प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की अपील की। ग्रामीणों को लगातार सतर्क किया जा रहा है कि वे जंगल जाएंगे तो अनहोनी हो सकती है। गांव वालों ने फिलहाल जंगल जाना छोड़ दिया है। बिहार पुर क्षेत्र के कछिया नवडीहा मोहरसोप बसनरा गांव के महावीर सतनारायण सुखराम लछमण सिंह सहित कई किसानों की धान और मक्का की फसल को जंगली हाथियों ने क्षति पहुंचाई हैं। जंगली हाथियों की वजह से हो रहे नुकसान का आंकलन वन विभाग बिहारपुर के कर्मचारी प्रतिदिन कर रहे है। मुआवजा प्रकरण तैयार करने के साथ जंगली हाथियों से जनहानि रोकने पूरी ताकत लगा दी गई है।

# सूरजपुर के सभी थानों में एम पासपोर्ट सुविधा जल्द शुरू होगी-पुलिस अधीक्षक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- छत्तीसगढ़ में पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया में पुलिस सत्यापन कार्य को सरल बनाते हुए आम नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए शासन के निर्देशानुसार जिला पुलिस कार्यालय सूरजपुर में मंगलवार, 11 अक्टूबर को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री अजय कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर एवं मास्टर ट्रेनर्स जिला सरगुजा के निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा व प्रधान आरक्षक तारकेश्वर केसरी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने बताया कि अब पुलिस सत्यापन एम-पासपोर्ट एप के माध्यम से होगा, उपरोक्त प्रक्रिया को जल्द ही समस्त थानों में प्रारंभ किया जायेगा जिससे पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया सरल होगी, पासपोर्ट सत्यापन की पूर्व की प्रक्रिया में आवेदक को पुलिस कार्यालय में उपस्थित होना पड़ता था। अब यह व्यवस्था लागू होने के बाद पुलिस आवेदक द्वारा दिये गये पते पर पहुंचकर सत्यापन करेगी, जिससे आम जनता का समय की बचत होगी और पुलिस की उपस्थिति जनता के मध्य दर्ज हो सकेगी। द्वारा पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत सभी थानों को टेबलेट एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराया जायेगा। इनके उपयोग से आम नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने में लगने वाला समय में कमी एवं आम नागरिकों को सुविधा होगी।